हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 4 मई 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 हरा सोना तोड़ने ग्रामीण सुबह से पहुंच रहे जंगल जिले में वन ...

12 पखवाड़ेभर से निकाला जा रहा मुरुम पंचायत ने...




## खबर संक्षेप

### 30 जून तक पशुओं से वजन सवारी ढोने पर लगा प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए पशु की सहायता से वजन एवं सवारी ढोने का कार्य 1 मई से 30 जून तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। जिले में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक निरंतर बना रहता है। इस दौरान पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है। पशुओं के प्रति कुरता का निवारण, परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता के निवारण नियम 1965 के नियम 6 (3) के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में पशु की सहायता से चलने वाले साधन जिसमें वजन एवं सवारी ढोने का कार्य किया जाता है।

# तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को ठोंका, युवक को मौत

**शव जलाने डिपो में नहीं मिली लकड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

तेज रफ्तार हाईवा ने शुक्रवार की शाम एक युवक की जान ले ली। युवक हेलमेट नहीं पहना था। मौत का पर्याय बन रही रेत से भरी ओव्हर लोड हाइवा की तेज रफ्तार दुर्घटना का कारण बनी। युवक की पहचान नगर निवासी लखन सिन्हा के रूप में हुई है, लखन की मौत के बाद उस घर में दो महिला व दो अबोध बच्चे ही बचे हैं।

■ घर का इकलौता सहारा था मृतक

जल संसाधन विभाग बालोद डिवीजन में पदस्थ लखन सिन्हा पिता दयालु राम सिन्हा 32 वर्ष की ग्राम तर्री के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है, मृतक लखन सिन्हा बालोद में ड्यूटी कर वापस घर गुरुर आ रहा था। युवक मोटरसायकल में था। ग्राम तर्री के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 08 एएस 8230 ने उसे अपने चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।




लखन की मौत के बाद घर में उसकी मां एवं पत्नी व उसके 4 साल व 2 साल का बच्चा ही बचे हैं। लखन सिन्हा की मौत के बाद परिजन नगर में संचालित वन विभाग के डिपो में शवदाह के लिए लकड़ी खरीदने पहुंचे, लेकिन डिपो में लकड़ी ही नहीं थी। जिससे परिजनों को लकड़ी के लिए मशक्कत करनी पड़ी। वार्ड पार्षद चिंताराम साहू ने डिपो में लकड़ी नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल लकड़ी की व्यवस्था करने वन विभाग से मांग की।

# भीषण गर्मी : गांव के नहर-तालाबों में बच्चे दिन पर लगा रहे डूबकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



गर्मी से राहत पाने और शरीर के तापमान को कम करने छोटे बच्चों से लेकर युवाओं व बुजुर्ग वर्ग दिन में एक से अधिक बार नहा रहें हैं। तालाबों से लेकर नहर, नालों, एनीकट तथा डेम में लोग दोपहर से शाम तक डुबकी लगाते नजर आ रहें हैं।

## घर से बाहर निकलना मुश्किल

अप्रैल–मई के महिनों में सूर्य की तेज किरणें तपिश से जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। लगभग पखवाड़े भर से अधिकतम तापमान 41 डिग्री से उपर दर्ज किया जा रहा है। जिसके कारण वातावरण व हवाएं गर्म हो गई है। इसका असर रात में भी अहसास हो रहा है। इन दिनों सुबह से ही तेज धूप का सामना लोग कर रहे हैं दिन चढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, तेज धूप के साथ गर्म हवाएं भी चलने के कारण दोपहर 12 बजे के बाद लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

इस तेज व भीषण गर्मी में लोग दोपहर लगभग 12 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जरूरी कार्य होने पर सिर, चेहरा व कान ढंककर बाहर निकल रहें हैं। वर्तमान में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। आने वाले तीन से चार दिनों के भीतर तापमान में और बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है। भीषण गर्मी व गर्म हवाओं का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिले के सरकारी व निजी ▸▸| शेष पेज 10 पर

# जिले में खटारा बसें भर रही फर्राटे यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे



**बालोद।** एक ओर जहां जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर जिले के सड़कों में कंडम हो चुके यात्री बसें बेलगाम रफ्तार में दौड़ रही हैं। कंडम बसों में यात्रियों को क्षमता से अधिक सीटों पर जबरदस्ती ठूंसा जा रहा है। कंडम बसों की स्थिति ऐसी है कि कभी भी कोई घटना घट सकती है। बस संचालकों की मनमानी ऐसी है कि पुराने बसों को जैसे-तैसे मरम्मत कर उसे सड़क में दौड़ाया जा रहा है। बस संचालकों की लापरवाही के चलते यात्रियों के जान खतरे में है, जबकि जिम्मेदार परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ऐसे वाहनों पर कार्यवाही करने से बचते नजर आ रहे हैं।

■ जिम्मेदारों ने साधा मौन, यदि अप्रिय घटना हुई तो जिम्मेदार कौन

## जिम्मेदारों का ध्यान नहीं


जिले में चलने वाली बसों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। कई बसों में न तो इमरजेंसी खिड़की है और न ही दूसरा गेट है। दर्जन भर से अधिक बसों का हाल बुरा है। बस के अलग- अलग पार्ट्स जो टूट फुट गए हैं उसे रस्सी या लोहे के तार से बांधकर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं। इनमें सुविधाओं का अभाव होने के कारण यात्रियों की जान जोखिम में बनी रहती है। इसके बाद भी संबंधित अधिकारी इन बस संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से दर्जन भर से अधिक कंडम बस राजनांदगांव अर्जुन्दा, धमतरी, सिकोसा, चरामा सहित अन्य क्षेत्रें तक संचालित हो रही है। इन बसों में चढ़ने और उतरने के लिए दो दरवाजे की सुविधा नहीं है। ▸▸| शेष पेज 10 पर

# मजदूरी में कटौती न करने सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा के तत्वाधान में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मनरेगा मजदूरी में कटौती के संबंध में एवं मेंट साथियों को वाउचर से भुगतान, मजदूरों की मजदूरी न काटने, अप्रैल से 243 के हिसाब से मजदूरी भुगतान करने तथा कटा हुआ राशि वापस मजदूरों के खाते में देने हेतु मांग किया गया है।

मजदूर का धूप में मेहनत करता है इसके बाद उसकी मजदूरी में कटौती करना नाइंसाफी है। मजदूरों को नाप के हिसाब से काम करने के लिए कहा जाए ना कि उसकी मजदूरी काटा जाए। साफ-सफाई करने वाले मजदूरों की मजदूरी काट दिया जाता है। मेंट साथी अतिरिक्त कार्य करने के बावजूद उनका भी मजदूरी काट दिया जाता है। जबकि मेंट साथियों को मेंट वाउचर से भुगतान किया जाना चाहिए, शासन-प्रशासन से निवेदन है कि किसी का मजदूरी न काटा जाए बल्कि उसको सम्मान के साथ भुगतान किया जाए। मजदूर के लिए 1 मई को मजदूर दिवस मनाते हैं और साथ में बैठकर बोरे-बासी चटनी खाते हैं। यह सब ना करके उनको सम्मान दिया जाए। मजदूरी भुगतान की कटौती को लेकर ग्राम पंचायत कसहीकला से सैकड़ों मजदूर ट्रैक्टर में सवार होकर जनपद कार्यालय पहुंचे एवं अपनी समस्या के समाधान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन दिया। मेंट संघ की ओर से कीर्तन देवांगन उपाध्यक्ष, ढाल सिंह साहू सचिव, प्रीतम साहू सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी नेहरू कोसमा, राजेंद्र राणा, गोपीचंद देशमुख, कविता चतुर्वेदी, नीतू साहू, हेमलता, पूर्णिमा प्रजापति एवं सैकड़ों की संख्या में मजदूर साथी उपस्थित हुए।



# बूथ में पालना घर, ओआरएस घोल और चपरासी भरेंगे कूलर में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी और लू की हवा को शिकस्त देने जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। इस संबंध में गुरूवार को कलेक्टर ने बैठक लेकर बूथ में किए जाने वाले तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली गई। बूथ में बच्चा लेकर आए महिलाओं के लिए पालना घर, बूथ में ओरआरएस घोल की उपलब्धता और केन्द्रों में प्राथमिक उपचार सहित डाक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दिवस के दिन हीट वेव के संदर्भ में मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं उचित प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों से समीक्षा की। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के तहत प्याऊ घर बनाने और मटके में ठंडे पानी, गिलास, मग आदि के साथ ही बैठने की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था, बैंच, आवश्यकतानुसार कूलर-पंखे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को प्रत्येक बूथों में ओआरएस घोल, नीबू का पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि, शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखे।

## मतदान केन्द्रों में छांव, पानी की व्यवस्था के साथ इकोफ्रेंडली टेंट लगेंगे

### सेक्टर अधिकारी उपलब्ध कराएंगे घोल

कलेक्टर ने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। हर बूथ में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। मतदान केन्द्रों में ओ.आर.एस. घोल उपलब्ध रहे। सभी बूथों के सेक्टर अधिकारियों के पास मितानिन, एम्बुलेंस, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नंबर होना चाहिए। बूथों में सेल्फी जोन बनाएं। कतार व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सहयोगी दल की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार से असुविधा न हो।



### शिक्षा विभाग को दी गई जिम्मेदारी

कलेक्टर प्रत्येक बूथों में भृत्य की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि वे सभी बूथो में पीने के पानी व कूलर में पानी भरने की व्यवस्था कर सके। साथ ही उन्होंने पालना गृह में बच्चों की देखरेख के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भी ड्यूटी लगाने को कहा, ताकि जो भी मतदाता अपने छोटे बच्चों को लेकर आए उसे पालना गृह में देखरेख कर सके। मतदान दिवस पर सभी अस्पतालों के चिकित्सक को सतर्क रहने चिकित्सा अधिकारी को दिए निर्देश दिए है। उन्होंने सरकारी व निजी सभी अस्पताल के एम्बुलेंस बूथ के आसपास राउंड लगाने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एम्बुलेंस की सुविधा ली जा सके। साथ ही वालंटियर भी लगे रहे ताकि अगर किसी की तबियत खराब हो रही है या लाईन में खड़े रहने पर कमजोरी महसूस कर रहा है तो वालंटियर उनकी मदद कर सके।

## खबर संक्षेप

### कलार समाज की बैठक 5 को

**डौडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज की मंडल स्तरीय बैठक 5 मई रविवार को नगर के पटेल समाज भवन पुराना हॉस्पिटल के सामने सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सामाजिक प्रकरण निपटारा, आय व्यय का सामाजिक पटल पर चर्चा। अध्यक्ष के अनुमति से सामाजिक अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर समाज को सक्रिय व अग्रणी बनाने पहल की जायेगी।

### पेंशनर्स की बैठक 6 को

**बालोद ।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 मई दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया उक्त बैठक में प्रान्त स्तर से प्राप्त विभिन्न जानकारी दी जाएगी अतःसमस्त पेंशनर साथियों से निवेदन है उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

### कलेक्टर ने मतदाता सूची का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में मतदान दलों को उपलब्ध करायी जाने वाली मतदाता सूची का अवलोकन किया। केंद्र में मतदाता सूची को चिन्हांकित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। जो कि मतदान दलों को मतदाता सूची उपलब्ध करायेगी। ताकि वह मतदान का कार्य सुचारू रूप से कर सके। इस दौरान नोडल अधिकारी हरवंश सिंह मिरी व सहायक नोडल अधिकारी आदित्य कुंजाम के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### देशी मदिरा का अवैध विक्रय करते आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा श्याम पेट्रोल पम्प के सामने धमधा दुर्ग रोड, थाना-मोहन नगर में अवैध शराब के परिवहन, विक्रय एवं धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी दर्शन देवराज, आत्मज मेहताबू देवराज उम्र 48 वर्ष, जाति-देवार, निवासी-सिकोलाभाठा थाना मोहन नगर दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 40 नग पाव देशी मदिरा मसाला 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, जिसका बाजार मूल्य 4400 रूपये है, जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर द्वारा विवेचना में लिया गया। जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24x7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है ।

### सुरक्षित भण्डारण के बारे में दी जानकारी

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव 2024 हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 01 मई 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित रिट याचिका (सिविल) क्रमांक 343 माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 26 अप्रैल 2024 के अनुसरण में 2023 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) के उपयोग और कमीशनिंग के बाद ईवीएम वीवीपैट (एसएलयू) और उसके सहायक उपकरण के सुरक्षित भंडारण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें एसएलयू यूनिट को प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखने तथा मतगणना के बाद प्रयुक्त एसएलयू को याचिका अवधि समाप्त होने तक विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया।

### श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश

**दुर्ग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नियत मतदान दिवस में कारखाना अधिनियम-1948 तथा छ.ग. दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक/कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 07 मई 2024 दिन मंगलवार को राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले से सबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया हैं।

## तैयारी : पिछले सत्रह चुनाव में लगातार बढ़े हैं आंकड़े, इस बार चुनौती

# लोस के तीस फीसदी मतदाताओं को रिझाने प्रशासन ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इस लोकसभा के चुनाव में वोट नही देने वाले करीब तीस फीसदी मतदाताओं को बूथ तक खिंच लाने प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। अब तक हुए सत्रहवी लोकसभा चुनाव में लगातार मतदान के आंकडे बढत की ओर रही है। इस बार जिला निर्वाचन आयोग ने व्यापारियों से लेकर हास्पिटल संचालको की पहल से वोटरों को मतदान केन्द्र तक लाने भले ही छूट की बौछारे लगा दी है। लेकिन अगर मतदान प्रतिशत नही बढा तो जागरूकता के लिए फूंके जा रहे लाखों रूपए पानी में भी बह जाएगा।

बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान का प्रतिशत बढाने पूरी ताकत झोंक दी गई है। गांव में मतदान बढाने मुनादी करने भी निर्देश दिए है। पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में 71.62 फीसदी मतदान के आंकडे सामने आए थे। ऐसे में प्रशासन की कोशिश चल रही है कि, आंकडे शत प्रतिशत हो, लेकिन भीषण गर्मी ओर लू के बीच संपन्न होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन की भी चिंता बढ गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार मतदान में दो घंटे (7-6 बजे) की बढोत्तरी की गई है। वही व्यापारियों से संपर्क कर वोटरों को राहत देने की ओर कदम बढाए गए है। अब देखना है कि, प्रशासन का यह प्रयास कितना कारगर होता है।

### अब तक के आंकड़ों में तीस फीसदी मतदाता ने खुद को किया अलग




### अब तक हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़े

| वर्ष | प्रतिशत | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 48.04 | 1991 | 52.49 |
| 1957 | 41.31 | 1996 | 52.36 |
| 1962 | 43.43 | 1998 | 61.73 |
| 1967 | 52.80 | 1999 | 58.06 |
| 1971 | 45.27 | 2004 | 52.08 |
| 1977 | 59.07 | 2009 | 55.88 |
| 1980 | 57.50 | 2014 | 67.74 |
| 1984 | 66.68 | 2019 | 71.62 |
| 1989 | 61.72 | | |

### पहले चुनाव में 48.04 से 71.62 फीसदी पहुंचा

लोकसभा का पहला चुनाव वर्ष 1951 में हुआ था। इस दौरान लोगों में जागरूकता का अभाव होने के चलते रिकार्ड 48.04 फीसद्दी मतदान दर्ज किया गया था। वही वर्ष 2014 में मतदान बेहतर रहा। इस चुनाव में 12 फीसदी मतदान बढ़ा था। वर्ष 2009 में 55.88 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था। यह वर्ष 2014 में बढ़कर 67.74 तक पहुंच गया। वर्ष 2019 में 71.62 फीसदी वोटर्स ने मतदान किया। यह पहली बार था, जब मतदान का आंकडा 70 फीसदी उछाल पर रहा। इस साल उम्मीद बढत की है।

### विधानसभा में पांच लाख रूपए खर्च

जानकारी मिली है कि, पिछले विधानसभा चुनाव 2023 में जागरूकता के नाम पर करीब पांच लाख रूपए खर्च हुए है। आयोग द्वारा हर चुनाव में प्रचार के लिए नुक्कड, नाटक, सेमीनार और बैनर पोस्टर के माध्यम से राशि खर्च की जाती है। हांलाकि इस चुनाव में औसत 71.62 से बढकर 74.21 पर रहा। अब तक चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढत की ओर है। लेकिन फिर भी तीस फीसदी मतदाता चुनाव से खुद को अलग रखे हुए हैं, जिन्हें बूथ तक लाने आयोग के लिए चुनौती है।

### बाजार में छूट, फ्री में खाना खिलाने की पहल

विभिन्न व्यापारिक संगठनों के घोषणानुसार 7 मई को वोट डालने के बाद ऊंगली पर अमिट स्याही का निशान दिखाने पर सराफा व्यापारी संघ द्वारा मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट, रेडीमेड कपड़ा में 15 प्रतिशत की छूट, लोहा सरिया में प्रति क्विंटल 50 रुपए की छूट, फर्नीचर 20 प्रतिशत की छूट, होलसेल स्टेशनरी में 20 प्रतिशत की छूट, कॉस्मेटिक एवं ड्राय फ्रूट्स में 15 प्रतिशत की छूट एवं पूजा सामग्रियों में 15 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की गई है। इसके आलावा हास्पिटल में ओपीडी निशुल्क और जांच में 25 फीसदी छूट और भर्ती होने पर कमरा निशल्क देने की पेशकस आठ से बारह तारीख तक की गई है।

# आरपीएफ ने 4 लाख के गांजा के साथ दो को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा से गांजा खरीदकर हरियाणा ले जा रहे दो तस्कर मंगलवार रात रायपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए। उनके बैग की तलाशी लेने पर 20 किलो गांजा जब्त किया गया। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि ओडिशा से गांजा खरीदकर वे यात्री बस से रायपुर आए, फिर यहां से ट्रेन के जरिए दिल्ली से हरियाणा जाने की तैयारी में थे।

प्री इलेक्शन सीजर अभियान मंडल के सभी स्टेशनों में चलाया जा रहा है। स्टेशन परिसर के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों की मंडल टास्क और आरपीएफ पोस्ट रायपुर की टीम लगातार सघन जांच कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात सवा दस बजे मुखबिर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केबी गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक डीसीएचएस बाबू, प्रधान आरक्षक वीसी बंजारे, पीके मेश्राम, आरक्षक देवेश सिंह ने आपरेशन नारकोस के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच बिलासपुर छोर पर स्थित एफओबी सीढ़ी के पास दो संदिग्ध युवकों को बैठा देखकर घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों के पिठ्ठू बैग की तलाशी लेने पर चार-चार पैकेट कुल आठ पैकेटों में 20 किलो गांजा मिला।

गांजे के साथ आरपीएफ के हत्थे चढ़े हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के ग्राम कनीना निवासी दिनेश कुमार (25) और ग्राम नांगल मोहनपुर, पोस्ट रसूलपुर निवासी सतीश कुमार(44) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने कहा कि दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर बैठकर वे ट्रेन आने का इंतजार कर रहे थे। कुछ देर और होती, तो वे आराम से दिल्ली रवाना हो जाते, लेकिन ट्रेन आने से पहले पकड़े गए।

# एक्टिवा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया




**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दुर्ग जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप वॉलंटियर दुर्ग नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने अपने एक्टिवा को स्वीप स्लोगन से सजाकर एवम उसी अनुरूप वेशभूषा पहनकर रोड शो किया। अमर हाइट्स से रोड शो को स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया। अमर हाइट्स से शुरू कर शिवनाथ नदी तट, पुलगांव चौक, पटेल चौक , राजेंद्र पार्क, मालवीय नगर चौक से स्टेशन रोड तक रोड शो कर मतदान के लिए जागरूक किया। स्वीप स्लोगन से सुसज्जित एक्टिवा एवम वेशभूषा आकर्षण का केंद्र बना।

# एक दिन पहले और मतदान के दिन शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये दुर्ग जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के अवसर पर 5 मई 2024 की संध्या 6 बजे से 7 मई 2024 सम्पूर्ण दिवस को देशी विदेशी मदिरा दुकानों के लिए "शुष्क अवधि, शुष्क दिवस घोषित की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी के आदेशानुसार उक्त अवधि में जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफ.एल.-1 (घ्घ), एफ.एल.-1 (घ्घ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घ्घ), सी.एस.-2 (घ्घ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग- कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल 3, 3 (क, ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 7, 8, 9, 9 (क), सी.एस.1, सी.एस. 1-ख, सी.एस. 1-ग, एफ.एल. 10, 10 (क, ख), भांग एवं भांग घोटा की समस्त दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई बंद रहेंगे।

# अब तक पौने चार करोड़ नगदी सोना, चांदी, शराब भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव के बीच अब तक विभिन्न टीम द्वारा अब तक तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये नकद और तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। जिले में चुनाव से संबंधित अवैध व्यय को रोकने के लिए पुलिस विभाग, आयकर विभाग, केंद्रीय राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, आबकारी विभाग, उत्पाद शुल्क विभाग, रेलवे पुलिस बल आदि प्रवर्तन एजेंसियां कार्यरत है। इसके अलावा विधानसभावार 66 उड़नदस्ते और 66 स्थैतिक निगरानी टीमें गठित की गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने बताया कि, लोकसभा चुनाव की घोषणा तिथि 16 मार्च 2024 से उड़नदस्ता दल (एफएसटी) प्रत्येक विधानसभा के लिए 3 शिफ्टों में 9 टीमों में काम कर रही है। प्रत्येक टीम में 1 मजिस्ट्रेट, 1 पुलिस अधिकारी, 1 सहायक और 1 वीडियोग्राफर हैं। विधानसभावार 66 स्थैतिक निगरानी टीमों के लिए 22 चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं और 3 शिफ्टों में ड्यूटी ली जा रही है। इनकी ड्यूटी अधिसूचना , 12 अप्रैल 2024 से ली जा रही है। इसके पूर्व 02 अप्रैल 2024 से स्थैतिक निगरानी दल की 5 टीमों से जिला बालोद एवं जिला राजनांदगांव की सीमा पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच का कार्य लिया जा रहा है। जिला में अब तक कुल 3,76,10,000/- (तीन करोड़ छिहत्तर लाख दस हजार रुपये) नकद और 3,83,15,000/- (तीन करोड़ तिरासी लाख पन्द्रह हजार रुपये) की शराब, नशीला पदार्थ, कीमती आभूषण आदि सामान जब्त किया गया है। ये सभी टीमें सामान्य पर्यवेक्षक एस.बी. शेट्टेनवार (आईएएस) और श्रीकेश लाठकर (आईएएस), पुलिस पर्यवेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस), चुनाव व्यय पर्यवेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पट्टनशेट्टी (आईआरएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी (आईएएस) एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला (आईपीएस) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं।

■ निगरानी के लिए प्रशासन ने टीम का किया है गठन

# जिले से ड्यूटी में तैनात मतदाता के लिए जांजगीर-चांपा जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

**दुर्ग।** जांजगीर-चांपा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग जिले से निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदान कर्मी को पोस्टल डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र पोस्टल वोटिंग सेक्टर स्थापित की गई है। इसमें सुरक्षा बल/कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी/कर्मचारी के लिए नवीन ऑडियोटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। इसी प्रकार अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारी के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय, जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 01 मई से 03 मई 2024 तक, प्रातः 09 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है। जिले के छूटे हुए अन्य मतदाता के लिए रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जिला कलेक्टोरेट कार्यालय जांजगीर को सुविधा केन्द्र बनायी गई है। मतदान की तिथि 04 मई से 06 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक समय निर्धारित है।

## स्पैरो कंपनी की आधी अधूरी जानकारी से चल रही ऑफलाइन वसूली

# चार हजार लखपतियों का नाम डाटा से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्पैरो कंपनी द्वारा नगरनिगम को दिए गए डाटा में करीब चार हजार मकान मालिको के नाम गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी मिली है कि, ये चार हजार करदाता रसूखदार है। जिनसे स्पैरो कंपनी द्वारा या तो टैक्स नही लिया गया है या आर्थिक अनियमितता कर मामले को अंजाम दिया गया है। स्पैरो ने अब तक नगरनिगम को डाटा उपलब्ध नही कराया है।

■ निगम को अब तक नहीं मिला कंपनी से वसूली का डाटा

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी स्पैरो कंपनी द्वारा टैक्स सेटलमेंट किए जाने का आरोप लगा है। इसी तरह सवाल उठ रहे है कि, स्पैरो ने चार हजार मकान मालिको की जानकारी आखिर निगम को क्यो नही दी गई। इधर बकायादारों के नाम सार्वनजिक कर डराने वाली निगम चार हजार रसूखदारों का नाम अब तक स्पैरो कंपनी से नही ले पाया है। वित्तिय वर्ष के अंतिम दो दिन की तीस लाख से अधिक की वसूली की राशि भी स्पैरो द्वारा निगम के खजाने में जमा नही की गई है। गंभीर मामले सामने आने के बाद भी निगम आयुक्त द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नही किया जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि, राजस्व घोटाले के इस खेल में निगम के अधिकारी भी शामिल है। यही कारण हैं कि अब तक कोई हिसाब किताब सामने नही आया है।




### कई बकायदारों को नहीं मिली रसीद

जानकारी अनुसार मेहत्तर राम सोनी आ० स्व० रामखिलावन सोनी निवासी गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग निजी मकान मौजा गली नं. 05 बोरिंग के पास गया नगर, दुर्ग वार्ड नं. 04 तहसील व जिला दुर्ग छग में स्थित है। उन्होने आयुक्त लोकेश चंद्राकर से लिखित शिकायत में कहा हैं कि, मेरे मकान का सम्पत्तिकर टैक्स, जलकर टैक्स वर्ष 2020-21 से 2023-2024 तक टैक्स नगर पालिक निगम के द्वारा भेजा गया। ठेका कर्मचारी निर्णय देवांगन के द्वारा 28 मार्च 2024 को सत्रह हजार चार सौ तिरसठ रूपये नगद ले गया है। लेकिन रसीद नहीं दी गई।

### सेटलमेंट का लग चुका आरोप

आम आदमी पार्टी ने इससे पहले स्पैरो कंपनी के खिलाफ लागतार शिकायत की है। मामला 17 साल के बकाया टैक्स वसूली का था। निगम के संबंधित विभाग के कर्मियों ने इसके लिए पुलगांव के भवन स्वामी को प्रापर्टी का असेसमेंट कर 6 लाख 11 हजार 884 रुपए का डिमांड भेजा। इसके विपरीत उसी दिन कर्मियों ने सेटलमेंट कर भूमि स्वामी से उक्त मियाद का महज 1 लाख 7 हजार 402 रुपए लेकर संपूर्ण टैक्स जमा बता दिया। इस तरह करीब 5 लाख रुपए निगम के खजाने को चोट पहुंचाई गई। इसकी अब तक कार्यवाही नही हुई है। जांच टीम बनाई गई, लेकिन लीपापोती कर लिया गया।

## पेज 9 के शेष

### भीषण गर्मी : गांव ...

अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं सरकारी व निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज लू के लक्षण वाले मरीज सामने आ रहे हैं। **लू से बचने करें उपाय :** चिकित्सकों द्वारा लोगों को सीधे धूप में आने से बचने की सलाह दी जा रही हैं। जैसे की लू लगने से लक्षण सामने आने पर तत्काल मेडिकल सहायता लेनी चाहिए, इसके साथ ही कुछ घरेलू उपचार भी तत्काल राहत पहुंचा सकते हैं। इसमें कच्चे आम से तैयार पेय, एलोवेरा का जूस, नारियल पानी, छाछ, पुदीना और धनिया का जूस या प्याज का रस पीने से राहत मिलती है साथ ही बाहर निकलने पर सूती के वस्त्र पहनने और चेहरे व कान ढंकने की सलाह दिया जा रहा है।

### जिले में खटारा बसें भर ....

यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं बसों की हालत खराब होने से सफर के दौरान यात्रियों को परेशानी तो उठाना ही पड़ रहा है, और उनकी जान भी जोखिम में बनी रहती है। मनमर्जी से चल रही इन यात्री बसों में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इनका समाधान नहीं हो पा रहा है। इसके चलते यात्री अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। अन्य विकल्प नही होने से यात्री भी ऐसे कंडम बसों में सफर करने मजबूर हैं। कार्रवाई नहीं होने से बस मालिक यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कंडम हो चुके यात्री बस की स्थिति को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवहन विभाग द्वारा ऐसे बसों की फिटनेस को लेकर कोई खास कार्यवाही नहीं कर रहा है। फिटनेस को लेकर जिम्मेदार विभाग सक्रिय नही है। यहां तक कि आपातकालीन दरवाजे को भी बंद कर वहां सीट लगा दिया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा सवारी बिठाया जा सके। इन बसों के खिलाफ न तो अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं और न ही शासन स्तर पर कोई निर्णय लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### रेहांश साहू आया प्रथम

**अंडा।** सरस्वती शिशु मंदिर पिरीद के छात्र रेहांश साहू ने कक्षा चौथी में 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर शिक्षिका एवं प्रधानाचार्य मेनका चंद्राकर, शाला स्टॉफ ने उज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है।

### शौर्य साहू कक्षा में प्रथम



**अंडा।** एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल कुथरेल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। ग्राम अंडा के छात्र शौर्य साहू ने कक्षा केजी 2 में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर शिक्षिका इन्दु चंद्राकर, जामिनी साहू, दीपिका यादव, मेनिका सेन, डाली चंद्राकर, गुलेश्वरी निर्मलकर, सुभद्रा निर्मलकर, दिव्या सेन एवं प्रधानाचार्य देव सर ने शुभकामनाएं दी है। छात्र शौर्य ग्राम अंडा निवासी राजेन्द्र साहू के पुत्र है।

### श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**डौंडीलोहारा।** ग्राम मारी बंगला देवरी में शुक्रवार 3 मई से 9 मई



तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। पांडे परिवार एवं ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित कथा का समय दोपहर 2 से 5 बजे तक शीतला मंदिर के पास होगा। कथा वाचक सुश्री गोपकेश्वरी देवी होगी। आयोजनकर्ताओं ने भागवत कथा में उपस्थित होकर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

### वाहनों की चेकिंग जारी



**गुरूर।** ग्राम देवकोट से पलारी के बीच में यातायात पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान वाहनों में संदेहास्पद वस्तुओं को भी तलाशा जा रहा है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण के लिए मतदान कुछ दिनों बाद होने है, जिसके लिए गाड़ियों की जांच की जा रही है।


## निधन

### भीषमदेव साहू



**अंडा।** ग्राम रिसामा निवासी भीषमदेव साहू 26 वर्ष का 3 मई को आकस्मिक निधन हो गया है। वे खिलेश्वरी साहू के पति व गया बाई साहू के पुत्र व डूलेश्वर मोनू साहू के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### हुकुमलाल साहू



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोथीपार निवासी 62 वर्षीय हुकुमलाल साहू का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वह वर्तमान में जल संशाधन विभाग बेमेतरा में पत्रवाहक के पद पर सेवारत थे वे राकेश एवं चिमन साहू के पिता व बिरझा बाई के पति थे।

**वनोपज : जिले में इस वर्ष 25800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य**

# हरा सोना तोड़ने ग्रामीण सुबह से पहुंच रहे जंगल जिले में वन विभाग ने शुरू की तेंदूपत्ता खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में तेंदूपत्ता खरीदी की शुरुआत वनांचल क्षेत्रों में हो चुकी है, जिसके चलते वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीण सुबह से ही तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगलों में जुटे हुए थे। जहां तेन्दू पत्ता तोड़कर तेन्दू के पेड़ों के छांव के नीचे तेंदूपत्ता को तोड़ने के बाद उन्हें बंडल बांधकर फड़ में बेचने पहुंचे।

जिले का एक तिहाई हिस्सा वनांचल क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जो वनांचल क्षेत्र में बसे लोगों की आमदानी का एक जरिया है, महुआ के साथ जंगल से प्राप्त हरा सोना अर्थात तेन्दूपत्ता भी आमदानी के दृष्टिकोण से वनांचल क्षेत्र लोगों के लिए बहुत ही ज्यादा बहुमूल्य संपदा है। जिसे पेड़-पौधों से तोड़ कर बिंडलो में बांध संग्रहण केन्द्रों में बेचकर लोग अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाते है।



**तेंदूपत्ते की तोड़ाई प्रारंभ**



**डौंडीलोहारा।** अंचल में हरा सोने यानी तेंदूपत्ता की तुड़ाई प्रारंभ हो चुकी है, इस बार राज्य सरकार द्वारा रुपए 150 की वृद्धि कर 550 रुपए प्रति सैकड़ा कर दिया गया है। पिछली बार 400 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से खरीदी किया गया था। तेंदूपत्ता संग्राहकों ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते इस बार तेंदूपत्ता तुड़ाई में कमी आएगी। वैसे भी अब किसानों के द्वारा भर्री भाटा को खेत बना दिए जाने के कारण, बूटा खत्म होने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को पत्ता कम ही मिल पाता है।

### 17 समितियों में खरीदी शुरू

इस वर्ष भी लघुवनोंपज के तहत तेंदूपत्ता की खरीदी वन विभाग के माध्यम से की जा रही है। वन विभाग द्वारा जिले के 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रो से तेन्दूपत्ता की खरीदी की जा रही है। जिले में इस वर्ष 25800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष 2023 के अनुसार जिले में कुल 19031.185 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी 22441 संग्राहकों से की गईं थी।

**संग्राहक परिवारों को मिलेगा लाभः** तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस वर्ष ज्यादा लाभ मिलेगा, क्योंकि अब हितग्राहियों को भाजपा की घोषणा के अनुसार उनके बैंक खातों के माध्यम से प्रति सैकड़े 400 रूपये से बढ़कर अब प्रति सैकड़े 550 रूपये की दर से राशि प्राप्त होगी। जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण परिवार के हितग्राहियो को सीधा लाभ मिलेगा और गरीब परिवार की आय में बढ़ोत्तरी होगी। ग्राम नारागांव में इसी प्रकार का तेन्दूपत्ता तोड़ने वाली महिलाओं की स्थिति को दिखाते होते एक तस्वीर है, जिसमे महिला तेन्दूपत्ता तोड़ने के बाद तेन्दू पेड़ के नीचे तपती धूप में पसीने से तर बतर होने के बाद भी तेन्दू पत्ता के लिए मेहनत करती नजर आ रही है। जहां गर्मी में जो तेन्दू वनांचल के लोगों को गर्मी में रोजगार देती है, वही तेन्दू के पेड़ के छांव के नीचे वे पत्तों के बीडल बांधने का काम भी करते नजर आते है। हितग्राही अनुसूईया बाई साहू ने बताया प्रत्येक बिंडल में 50 पत्ते होना अनिवार्य किया गया है तभी पत्ते की खरीदी फड़ मुंशी के माध्यम से किया जाएगा। बड़भूम समिति प्रबंधक जीएस उषारे ने बताया कि तेंदूपत्ता की गड्डी में 50 पत्ते का होना अनिवार्य है। इसकी गिनती के लिए फड़ो में फड़ मुंशी के साथ ही अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गईं है जो पत्ते, गड्डी और गुणवत्ता पर ध्यान देंगे।

## स्वास्थ्य केन्द्र रसमड़ा में सुवधाओं की हुई जांच



**अंडा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसमडा में अनुज शर्मा (राजस्थान) एवं आश मोहम्मद (लखनऊ) के द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत सभी समस्त स्वास्थ्य सुविओं का मूल्यांकन किया है। इसमें अस्पताल में संचालित समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मापदंडों, हाटबजार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मितानीन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा, अस्पताल का रख-रखाव, सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट क्लालिटी स्टैंर्ड का विभागवार गहन समीक्षा एवं दस्तावेज परीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. आशिष शर्मा खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन. डॉ. डी.के. बेलचदन खण्ड चिकित्सा अधिकारी निकुम, रासिद खान वरिष्ठ कार्यकम अधिकारी जपाईगो से एवं जिला टीम में डॉ. रश्मिी भोसले, आरएमएन सीएच कंसलटेंट एवं कविता चन्द्राकर डिविजिनल कंसल्टेंट क्लालिटी एश्योरेंस तथा डॉ. नेहा राजपुत, डी.ई आई.सी. मैनेजर शोभिका गजपाल, जिला सलाहकार एवं श्रीमती प्रितिका पवार, बलबीर सिंह राजपुत, दुर्गेश सिंग एवं राजेन्द्र वर्मा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अस्पताल प्रभारी तारेन्द्र देशमुख एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## भाजयुमो की हुई बैठक



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा आरंग मण्डल मंदिर हसौद जोन में बालोद जिला भाजपा मंडल गुरुर से मंदिर हसौद जोन प्रभारी सदस्य प्रदेश कार्यसमिति भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, महामंत्री युवा मोर्चा भाजयुमो जिला बालोद खेमलाल देवांगन, मंत्री भाजपा मंडल गुरुर ढंगू राम हिरवानी, महामंत्री युवा मोर्चा भाजयुमो मंडल गुरुर मितेश कुमार साहू, सदस्य जिला कार्यकारिणी युवा मोर्चा भाजयुमो जिला बालोद सुपेश कुमार साहू की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर हसौद के सेक्टर प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी मंदिर हसौद रामजी वर्मा, मंडल के सम्माननीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक वर्मा, सहसंयोजक चंद्रशेखर वर्मा एवं बूथ अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, मुकेश कुर्रे, द्वारिका यादव, लेख राम वर्मा, मनोज वर्मा उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर किया शरबत का वितरण



डौंडीलोहारा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम भंसाली द्वारा अपनी मां धन्नी देवी भंसाली के प्रथम पुण्यतिथि पर नगर के विवेकानंद चौक में 3 मई दिन शुक्रवार को सुबह से शरबत वितरण किया गया। भीषण गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान राजू भंसाली, नरेंद्रयादव, अनिल चोपड़ा, दिलीप बाफना, सुरेश देवांगन, धीरज जैन, लोकेश महाराज, सोमू भंसाली, सोनी जी सहित अन्य लोगों का भरपूर योगदान रहा।

## पार्षद निधि से लगा वॉटर कूलर



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर के वार्ड नंबर 12 में पार्षद मुकेश साहू ने पार्षद निधि से वार्ड की जनता के लिए वाटर फिल्टर शीतलक लगाया है, ताकि वार्ड के लोगों के साथ राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। शीतलक को असामाजिक तत्वों से बचाने के लिए लोहे के ग्रील से कव्हर कर दिया गया है। वहीं लोगों को पानी पीने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए शीतलक में चैन के माध्यम से गिलास बांधा गया है। ताकि गिलास गायब न हो और यह सेवा कुछ दिन की सेवा न बनकर लंबे समय तक बनी रहे। वहीं लाईट बंद होने के बाद भी लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध होती रहे इसके लिए वाटर टैंक की व्यवस्था की गई है। ताकि कभी लाईट बंद हो तो यहां पानी सुरक्षित रहे तथा बाद में जरूरत पड़ने में लोग इसका उपयोग कर सकें।

## संगीता कर रहीं पार्टी का प्रचार





**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के बाद जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए जुट गई है। संगीता सिन्हा जांजगीर चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के धर्मपत्नी शकुन डहरिया के साथ कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डमरू, नवापारा, बरदा में चुनावी जनसंपर्क करके प्रचार–प्रसार किया और कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन में गुरुर रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मोतियाबिंद ऑपरेशन में जिला में प्रथम स्थान पर गुरूर विकासखण्ड रहा। विकासखण्ड को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 600 का लक्ष्य मिला था, जिसके विरूद्व 1084 मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। शालेय नेत्र परीक्षण में शत प्रतिशत निःशुल्क चश्मा वितरण एवं प्रेस बायोपिक चश्मा वितरण शत प्रतिशत कर प्रथम स्थान पर रहा। इस कार्य में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पलारी के नेत्र सहायक अधिकारी श्याम सुंदर देवांगन का बहुत बड़ा योगदान रहा।

उसने प्राप्त लक्ष्य 200 के विरूद्व 617 मोतियाबिंद ऑपरेशन किया। जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई जिला बालोद अंतर्गत सत्र 2023–24 मे जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी के निर्देशानुसार, जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. एके मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर डॉ. जीआर रावटे के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व अनिल सिन्हा के नेतृत्व मे जिला बालोद के विकासखण्ड गुरूर मे मोतिया बिंद लक्ष्य 600 के विरूद्व 1084 मोतियाबिंद ऑपरेशन हुआ। नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पलारी श्याम सुंदर देवांगन द्वारा लक्ष्य 200 के विरूद्व 617 मोतियाबिंद ऑपरेशन करवा प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अरमरीकला नेत्र सहायक अधिकारी टिकेश्वर प्रसाद साहू ने द्वितीय स्थान एवं नेत्र सहायत अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बोड़रा डिगेश देवदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमे ब्लाक के आरएमए किरण कुमार, फार्मासिस्ट मिथलेश कुमार साहू, ड्रेसर ग्रेड 01 राजेन्द्र कुमार साहू, असिस्टेंट डेंटल प्रशांत, लक्ष्मीकांत साहू, कियोस्क ऑपरेटर, स्टॉफ नर्स एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

## नगर में चलित व स्थायी प्याउ घर का शुभारंभ



**बालोद।** समता जल–सेवा प्रकल्प श्री समता युवा जैन संघ बालोद के तत्वावधान में स्थानीय समता भवन में शीतल पेयजल हेतु चलित एवं स्थायी प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। स्थानीय समता भवन में सर्वप्रथम नवकार महामंत्र का जाप कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अमृतमय समता जल सेवा प्रकल्प के तहत मानव सेवा माधव सेवा का कार्य किया जा रहा है, इस जल सेवा के लाभार्थी परिवार नाहटा परिवार है। मोक्ष गामी स्मृतिशेष सदस्यों के स्मृति में पारिवारिक जन मगराज, हमीरमल, तनसुख लाल, निर्मल कुमार नाहटा द्वारा यह सेवा प्रदत्त की गई है, इस सेवा का संचालन समता युवा संघ बालोद द्वारा किया जा रहा है। चलित प्याऊ बालोद शहर में निरंतर घूम–घूम कर आम जनता के बीच पेयजल की व्यवस्था कर रहा है, वहीं एक स्थाई प्याऊ का मरारपारा में आज शुभारंभ किया गया है। इस दौरान सुश्रावक मगराज नाहटा, हमीरमल नाहटा, दीपचंद सांखला, देवीचंद चोपड़ा, तनसुख नाहटा, मनोहरलाल नाहटा, हरिशचंद साँखला, मंत्री सोहन लाल नाहटा, देवीचंद चोपड़ा, ज्ञानचंद ललवानी, राजेश चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

### मानस समिति ने शुरू किया प्याउ घर



**अंडा।** ग्राम चीचा में सियाराम मानस आयोजक समिति द्वारा राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके और जमीन में गड्ढा खोदकर जानवरों के लिए और छोटे-छोटे मिट्टी के बर्तन में चिड़यिा के लिए पानी की व्यवस्था किया गया, जो की सभी जीव-जंतु और मानव सेवा का कार्य सियाराम मानस आयोजक समिति चीचा द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही प्याऊ घर खोला गया हैं। जिसमे समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू, उपाध्यक्ष मुकेश विश्कर्मा, सचिव गोकुल सिन्हा और विनय साहू, गोविंदा चतुवेदी, अजय चतुर्वेदी, बेदराम चतुर्वेदी खिलावन सिन्हा, धान बाई, सरिता चतुर्वेदी और युवा कमलेश साहू शामिल हैं।

## श्रमिकों को बांटी मिठाई



बालोद/कलंगपुर। जन समुदाय के लिए जल संचय हेतु मनरेगा के तहत नहर-नाली गहरीकरण कार्य में कार्यरत 400 श्रमिकों के मेहनत को प्रणाम करते हुए उनके सम्मान में केक काटकर व मिष्ठान वितरण करके अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। सरपंच पुष्पा सिन्हा ने श्रमिकों की मेहनत, श्रमिकों की पसीना व कड़कती धूप में उनके कार्य करने के जज्बा को नमन करते हुए कार्यरत सभी मनरेगा मजदूरों को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मिष्ठान्न प्रदान किया। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने कहा कि मजदूर और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनिया भर में 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। देश की उन्नति, समृद्धि व खुशहाली में श्रमिकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। कोई भी कार्य श्रमिकों के परिश्रम के बिना संभव नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव प्रवीण गेन्द्रे, उपसरपंच राजेंद्र जैन, रोजगार सहायक युगल कुल्हारे, विकास जैन, मानस कुल्हारे, आशो ठाकुर, परमेश्वर पारधी, गुलाबी पारधी, सुनीता पारधी, खिलावन सिन्हा, रमशीला साहू, शकून बाई, हीरामणि साहू, किशन सिन्हा सहित सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे।

### भाजपा को जिताने अपील



**गुरूर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अभनपुर में विकासखण्ड के भाजपा नेता नंदकिशोर शर्मा, कौशल साहू, ईशप्रकाश साहू, राजेश दीवान गुरुर जिला बालोद से रायपुर लोकसभा प्रत्यासी बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार में जुटे हुए हैं तथा जनसभा के साथ ग्रामीणों की बैठक लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील कर रहे है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### अब तक रोपे 4 सौ से ज्यादा पौधे

**गुण्डरदेही।** प्रकृति संतुलन एवं ऑक्सीजन के लिए पेड़ बहुत ही जरूरी है। छोटे पौधों को गर्मी से बचा लिया जाए तो यही वृक्ष बनकर छाया देता है। ऐसे ही कार्य में जुटे हुए हैं साहित्यकार समाजसेवी केशव राम साहू जो अब तक लगभग 400 बरगद, पीपल, नीम, कदम, आम, बेल आदि के छायादार वृक्ष सार्वजनिक स्थलों पर लगा चुके हैं, जो बड़े होकर छाया दे रहे हैं। केशव राम साहू प्रतिवर्ष 8 से 10 छोटे पौधे लगाकर गर्मी के दिन में पानी डालकर सूखने से बचाते हैं।

### ठगड़ा बांध से लगातार हो रहा मुरुम का उत्खनन, परिवहन

# पखवाड़ेभर से निकाला जा रहा मुरुम पंचायत ने कहा- नहीं दी है कोई अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

अर्जुंदा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदाकला में इन दिनों सरपंच की लापरवाही कहें या फिर ठेकेदार की मनमानी बड़े पैमाने पर यहां से मुरम निकाली जा रही है। इस मामले में सरपंच का कहना है कि पंचायत से किसी प्रकार का प्रस्ताव नहीं हुआ है, वहीं खनन कर रहे लोग कहते हैं कि पंचायत की अनुमति है। यहां से मुरम खनन को लेकर ग्रामीणों में भी रोष है। ग्राम भरदाकला के ठगड़ा बांध से बीते एक पखवाड़ा से बड़े पैमाने पर मुरम निकाली जा रही है। बड़े–बड़े हाईवा में मशीन के माध्यम से लगातार मुरम खनन के बाद ग्रामीणों का ध्यान इस ओर गया। इसके बाद पंचायत में इसकी पतासाजी की गई। पता चला कि पंचायत प्रस्ताव नही हुआ है और न ही पंचायत के किसी भी पदाधिकरियों को पता है। एक पखवाड़ा से धड़ल्ले से खनन कर सैकड़ों हाईवा मुरम पार की जा रही है और पंचायत को पता नहीं है यह बात लोगों को हजम नहीं हो रही है।



### पंचायत से अनुमित नहीं : सरपंच

सरपंच भरदाकला लक्ष्मी बाई मेरिया ने कहा ठगड़ा बांध की खुदाई के लिए पंचायत में किसी भी प्रकार का प्रस्ताव नही हुआ है और न ही खुदाई के बारे में जानकारी मिली है। उप सरपंच भरदाकला मुरारी अवस्थी ने कहा मुझे जानकारी मिलने पर सरपंच को पूछने पर सरपंच पति द्वारा खनिज विभाग से परमिशन की बाते कही जा रही है, पंचायत से प्रस्ताव नही होने की बात कही है। पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य, जिला बालोद कांग्रेस संयुक्त सचिव बालोद क्रांति भूषण साहू ने कहा पंचायत प्रतिनिधियों को मुरुम की खुदाई के बारे में जानकारी नहीं है यह बड़ा ही दुर्भाग्यजनक है। बिना जानकारी के बांध की खुदाई करें अच्छी बात नहीं है। जब तक के पंचायत में प्रस्ताव नहीं होगा तब तक के खनिज विभाग खुदाई के लिए आदेश नहीं देता। इससे सिद्ध होता है कि सरपंच की मिली भगत से ही मुरूम की खुदाई हो रही है।

### खनिज विभाग की पर्ची

बताया जाता है कि क्षेत्र में ऐसे ही बिना पंचायत प्रस्ताव के कई जगह से मुरूम खनन किया जा रहा है। इस मामले में यह भी कहा जा रहा है कि खनन में लगे लोगों के पास खनिज विभाग की रायल्टी पर्ची है, तो बिना पंचायत प्रस्ताव के खनिज विभाग खनन की अनुमति कैसे दे सकता है? इसे भी लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### नहर-नाली निर्माण में जा रही मुरम

लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त मुरम क्षेत्र में बन रही नहर लाइनिंग के कार्य में खपाई जा रही है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में खरखरा-मोहदीपाठ परियोजना के अंतर्गत आने वाले कई माईनरों में इन दोनों लाइनिंग का कार्य चल रहा है। इनमें इसी तरह से मुरम लगाई जा रही है।

### सरोज के पक्ष में कोरबा में हो रहा जोरदार प्रचार



**डौंडीलोहारा।** भाजपा के प्रदेश संगठन के द्वारा कोरबा लोकसभा के बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने स्थानीय कार्यकर्ताओं को सहयोग करने के लिए एक टीम 28 अप्रैल से इस विधानसभा के भेजी गई है जो कि विभिन्न मंडल व शक्ति केन्द्र के साथ-साथ बूथ स्तर तक प्रवास कर पार्टी प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय को जीतने के लिए कार्य कर रही है। जिसमें डौंडी लोहारा निवासी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, नगरी के जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, मछुआरा प्रकोष्ठ के सह संयोजक शिव धरमगुड़े शामिल हैं। इनके द्वारा लगातार धुंआधार प्रचार हेतु रणनीति बनाकर सिद्दत से पार्टी के काम लगे हैं। दिनांक 02 मई को बचरा पौड़ी मंडल में प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का जनसम्पर्क पश्चात एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।







## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


### पार्षद ने गुम सायकिल मालिक को लौटाई



**गुरूर।** वर्तमान में कई चीजे कहीं भी गुमी होने पर लोगों की सजगता से सोशल मिडिया के माध्यम से उसके मालिक तक पहुंच ही जाता है। कुछ इसी प्रकार का मामला नगर में देखने को मिला है जहां एक व्यक्ति का सायकल गुम हो गया था, जो नगर पंचायत पार्षद वार्ड नंबर 12 मुकेश साहू के हाथ लगा।

जिसके बाद मुकेश साहू ने सायकल की तस्वीर के साथ सायकल की जानकारी देते हुए सोशल मिडिया में पोस्ट किया तथा लोगों से अपील किया कि यह पोष्ट ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए, ताकि सायकल के वास्तविक मालिक तक यह पोष्ट पहुंच सके। वह सायकल लेने उनके यहां आए जिसके बाद लोगों ने इस पोस्ट को सोशल मिडिया मे ज्यादा से ज्यादा एक-दूसरे के साथ ग्रुप में साझा किया। इसका नतीजा यह हुआ कि तीन दिनों से अपने सायकल को ढूंढ़ रहे व्यक्ति के पास यह पोष्ट पहुंचा तथा वह पोष्ट में बताए अनुसार पते पर अपने आधार कार्ड के साथ पहुंचा। इसके बाद पार्षद मुकेश साहू ने उन्हें उनका पता जानने के बाद उनका सायकल सौंप दिया। जिससे व्यक्ति सोशल मीडिया के सही उपयोग की प्रशंसा करते हुए अन्य लोगों से भी सोशल मीडिया का सही उपयोग करने की बात कही।

### समस्याओं को लेकर डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन



**अंडा।** ओड़ारसंकरी में अधूरे पानी टंकी निर्माण और गांव में सड़क एवं पेयजल की समस्या का शीघ्र कराकरण कराने, टंकी निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पंकज चौधरी ने उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। उपमुख्यमंत्री को बताया गया कि गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसमें गांव मटिया (अ ) पानी टंकी निर्माण निर्माण, मटिया (अ ) पानी टंकी निर्माण निर्माण, मटिया (अ) से योग नाला मटेवा सड़क मार्ग निर्माण, तिलखैरी से सलौनी सड़क मार्ग निर्माण, गोरकापार से गब्दी सड़क मार्ग निर्माण न होने से लोग परेशान हैं। अतः इन सभी कार्यों पर आचार संहिता के बाद उचित कदम उठाया जाए।







